तापमान

अधिकतम 30 डिग्री

न्यूनतम 18 डिग्री

हरिभूमि

# धमतरी भूमि

रायपुर, गुरुवार 1 फरवरी 2024

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड



09 वार्षिक परीक्षा की नैया अब कुंजी गाइड के सहारे



10 राशन दुकानों में हल्दी-मिर्च मसालों को नहीं मिला रिस्पांस




## खबर संक्षेप

### नवागांव में मड़ई 6 को

**जीजामगांव।** नवागांव (क) में 6 फरवरी मंगलवार को संगी जहुरिया मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में मनोरंजन के लिए जय मां दुर्गा छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी साराबोंग मयारू गंगा उड़ीसा की मनमोहक प्रस्तुति होगी। यह जानकारी लीलाराम देवांगन, छबिलाल निषाद, फलेश साहू एवं कुलेश्वर देवांगन ने दी है।

### तर्रागोंदी में मानसगान सम्मेलन 3 से

**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम तर्रागोंदी में मानसगान सम्मेलन का आयोजन 3 एवं 4 फरवरी को नारी जागरण सेवा समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से किया जा रहा है। शुभारंभ 2 फरवरी को शाम 5 बजे मुख्य अतिथि सतीश कुमार जैन पूर्व जनपद सदस्य पचपेड़ी, श्रीमती कांति साहू जनपद सदस्य कुरूद, दुलार सिंह सिन्हा, श्रीमती मालती गजेन्द्र, शत्रुघन साहू, धनीराम साहू, श्रीमती सविता गंजीर, चमनलाल साहू, मानुराम साहू, अग्रहिज ठाकुर, टेमनलाल निषाद, रुपेश कुमार जैन करेंगे।

### सर्व सेन समाज की बैठक तीन को

**धमतरी।** सर्व सेन समाज जिला धमतरी की बैठक 3 फरवरी शनिवार को सुबह 11 बजे से आमातालाब रोड स्थित चन्दापारी सेन भवन धमतरी में रखी गई है जिसमें प्रांत एवं सम्भाग के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों की विशेष उपस्थिति रहेगी। बैठक में आगामी कार्य योजना तथा अन्य सामाजिक संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की जाएगी। समाज के पदाधिकारियों से उपस्थिति की अपील धनसिंह सेन जिलाध्यक्ष एवं भगवानी राम शांडिल्य सचिव सर्व सेन समाज ने की है।

### साधना शिविर 14 को लगेगा

**धमतरी।** अंतर्राष्ट्रीय सिद्धाश्रम साधक परिवार की ओर से बसंत पंचमी महोत्सव के तहत 14 फरवरी को तांत्रोक धन वर्षिनी नील तारा सरस्वती महाविद्या साधना शिविर का आयोजन किया गया है। आयोजन समिति के प्रमुख दिलीप मीनपाल, एनके कंवर, सत्यनारायण मीनपाल ने बताया कि साधना शिविर हरदिहा साहू समाज भवन में गुरूदेव अरविंद श्रीमाली के सानिध्य में होगा। सुबह 9 बजे गुरू आह्वान एवं गुरू पूजन के बाद शिविर प्रारंभ होगा। रात्रि 8 बजे महाआरती एवं चरण स्पर्श, प्रसादी वितरण होगा। आयोजन की तैयारी में एनसी निराला, गयाराम नवरंगे, केशव गंजीर, कौशल गजबल्ला, देवप्रसाद देवांगन, लोकेश्वर प्रसाद शर्मा, बीएल साहू, अशोक कंवर, अशोक मीनपाल, गोपाल साहू, सुखदेव देवदास, अवध भारती, सोहन देवांगन, केशव देशमुख आदि जुटे हुए हैं।

### सरकार किसानों के प्रति संवेदनशील

**धमतरी।** भाजपा मण्डल के महामंत्री प्रीतम साहू ने कहा कि



विष्णुदेव साय सरकार द्वारा धान खरीदी के समय में चार दिन की बढ़ोतरी करना स्वागत योग्य है। छत्तीसगढ़ के इतिहास में पहली बार शनिवार और रविवार को धान खरीदी हो रही है। सरकार किसानों के प्रति संवेदनशील है। श्री साहू आगे ने कहा कि छत्तीसगढ़ में सत्ता परिवर्तन होते ही कुछ दिनों में बड़े बड़े फैसले लिये गये। पीएम आवास योजना, 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदी, 25 दिसंबर सुशासन दिवस के दिन बोनस वितरण किया गया। अपराधी, माफियाओं भ्रष्टाचारियों और घोटालेबाजों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई हो रही है जो सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति को दर्शाता है।

## राज्य सरकार द्वारा तिथि बढ़ाने का आदेश विलंब से आया

# धुआंधार चली धान की खरीदी अधिकांश केंद्रों में पैकअप

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

धान खरीदी केंद्रों में पिछले तीन दिनों से गहमा-गहमी मची हुई थी। इन केंद्रों में जितने किसानों का धान बचा था, उनका धान इन्हीं तीन दिनों में खरीदी करने का आदेश जारी किया गया था। ऐसे में खरीदी केंद्रों में किसानों की भीड़ उमड़ पड़ी। खरीदी केंद्रों में रात 2 बजे तक खरीदी की प्रक्रिया चलती रही। 31 जनवरी को अधिकांश केंद्रों में खरीदी निबटा ली गई।

धान खरीदी की धीमी रफ्तार से बड़ी संख्या में किसान धान बेचने से बच गए थे। इन किसानों द्वारा लगातार टोकन की मांग की जा रही थी, जिसे देखते हुए शासन ने अंतिम तीन दिन के लिए खरीदी की लिमिट बढ़ा दी। जहां-जहां जितनी मात्रा में धान बाकी था, उसे तीन हिस्से में बांटकर खरीदी केंद्रों में प्रतिदिन खरीदी की लिमिट तय की गई थी। डाही-कंडेल सहित कई खरीदी केंद्रों में बड़ी मात्रा में धान बाकी था, जिसके चलते वहां प्रतिदिन खरीदी की लिमिट काफी अधिक हो गई थी। डाही में 15000 क्विंटल धान बाकी था, प्रतिदिन इस खरीदी केंद्र को 5 हजार क्विंटल खरीदी का लक्ष्य दिया गया था। खरीदी का दबाव बढ़ने से कर्मचारियों की नींद उड़ गई। आखिरकार समिति में 31 जनवरी को खरीदी निबटा ली गई। जिले के सभी खरीदी केंद्रों में लगभग खरीदी समाप्त हो चुकी है। कुछ खरीदी केंद्रों में रात 8 बजे के बाद भी तौल चल रहा था, यहां भी रात में खरीदी कम्पलीट कर ली जाएगी।

**केस 1**

डाही खरीदी केंद्र में प्रतिदिन खरीदी की लिमिट 5 हजार क्विंटल कर दी गई थी। समिति के कर्मचारियों और हमालों ने सुबह 7 बजे से लेकर रात 2 बजे तक काम किया। अब यहां खरीदी कम्पलीट हो चुकी है।

**केस 2**

लिमतरा खरीदी केंद्र में बुधवार को 137 किसानों से 2600 क्विंटल धान खरीदा गया। अब किसी भी किसान का टोकन शेष नहीं है। अब यदि कोई किसान आता है तो अधिकारियों की परिमिशन के बाद उनका धान खरीदा जाएगा।

**केस 3**

कंडेल खरीदी केंद्र में बुधवार को 207 किसानों से 2300 क्विंटल धान खरीदा गया। यहां गुरुवार के लिए सिर्फ एक किसान का टोकन बाकी है। भोथली खरीदी केंद्र में 170 किसानों से 1800 क्विंटल खरीदा गया।



### कई हमाल भाग गए

तीन दिनों की धुआंधार खरीदी के चलते समिति कर्मचारियों और हमालों पर काम का प्रेशर कई गुना बढ़ गया। डाही, कुरमातराई सहित कई खरीदी केंद्र ऐसे थे, जहां पर रात 2 बजे तक तौलाई का काम चलता रहा। दिन-रात काम करने से कई हमालों की तबीयत खराब हो गई। कुछ तो काम पर ही नहीं आए। इसके बाद भी खरीदी का काम पूरा किया गया।

### खरीदी की तिथि बढ़ी

मुख्यमंत्री ने किसानों की मांग पर खरीदी की तिथि चार दिन और बढ़ा दी है। उधर खरीदी की तिथि बढ़ाने की अधिकृत जानकारी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक में बुधवार को पहुंची। इससे पहले 31 जनवरी को अंतिम तिथि मानकर खरीदी केंद्रों में धुआंधार खरीदी की गई। किसान यदि धान नहीं बेच पाए हैं तो वे अब टोकन कटवाकर धान बेच सकते हैं।

# उज्ज्वला योजना के पचहत्तर फीसदी आवेदन हो रहे रिजेक्ट



- सही जानकारी के अभाव में अपात्र हितग्राही भी कर रहे आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाली महिला एवं उनके परिवारों को सस्ता सिलेंडर दिए जाने की घोषणा के बाद जिले में उज्ज्वला गैस सिलेंडर प्राप्त करने वालों की भीड़ लग गई है। जिले के सभी गैस एजेंसी कार्यालयों में लंबी कतारें देखने को मिल रही हैं। आवेदन मिलने के बाद छंटनी में 75 प्रतिशत से अधिक लोगों के आवेदन रिजेक्ट हो रहे हैं। जानकारी के अभाव में पात्र श्रेणी के हितग्राही भी आवेदन कर रहे हैं।

जानकारी के मुताबिक प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लिए 18 वर्ष से अधिक उम्र की महिला को देश का नागरिक होना आवश्यक है। कम आय वाले परिवार में आवेदक का नाम 2011 की एसईसीसी सामाजिक आर्थिक जाति जनगणना की सूची में होना आवश्यक है। आवेदक को किसी भी प्रकार की सरकारी योजना का लाभार्थी नहीं होना चाहिए। एक ही घर में किसी का अन्य एलपीजी कनेक्शन नहीं होना चाहिए। इसके लिए आवश्यक दस्तावेजों में उज्ज्वला कनेक्शन के लिए ई- केवायसी अनिवार्य है। आधार कार्ड, राशन कार्ड, लाभार्थी परिवार के व्यस्क सदस्यों का आधार कार्ड, बैंक खाता, आईएफएससी, परिवार की स्थिति के समर्थन में अनुपूरक केवाईसी होना आवश्यक है।

ज्ञात हो कि सही जानकारी के अभाव में अपात्र हितग्राही भी उज्ज्वला गैस कनेक्शन लेने के चक्कर में बेवजह गैस एजेंसी कार्यालयों में भीढ़ बढ़ा रहे हैं। ऐसे अपात्र हितग्राहियों के आवेदन रिजेक्ट हो रहे हैं। खाद्य निरीक्षक नरेश पीपरे ने बताया कि उज्ज्वला योजना पात्रता के लिए शासन ने मापदंड तय किए हैं। पात्र हितग्राहियों को सरकार की ओर से उज्ज्वला गैस सिलेंडर का कनेक्शन दिया जाएगा।

गौरतलब है कि जिले में करीब 1 लाख 30 हजार हितग्राहियों को उज्ज्वला गैस सिलेंडर दिया गया है जिसमें से 50 प्रतिशत हितग्राही रिफलिंग नहीं करा पा रहे हैं। वर्तमान में उज्ज्वला के हितग्राहियों को 200 रुपए सब्सिडी दी जाएगी। वहीं रिफलिंग का चार्ज मात्र 500 रुपए होगा। इस प्रकार उन्हें आधी कीमत में गैस सिलेंडर की रिफलिंग करानी पड़ेगी।

# आरटीई की ट्यूशन फीस नहीं मिली

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी




आरटीई के तहत पढ़ने वाले बच्चों की ट्यूशन फीस नहीं मिलने से निजी स्कूल संचालकों की परेशानी बढ़ गई है। कई स्कूल में तो शिक्षकों को वेतन देने के लायक भी फंड नहीं है, जबकि कई स्कूल में कर्ज लेकर काम चलाया जा रहा है।

आरटीई के तहत निजी स्कूलों में आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के बच्चों को फ्री में शिक्षा दी जाती है।

- कर्ज में चल रहे कई निजी स्कूल संचालकों की परेशानी बढ़ी

इसके तहत निजी स्कूलों को शासन की ओर से ट्यूशन फीस दी जाती है। हर साल सैकड़ों बच्चों को आरटीई के तहत एडमिशन दिया जाता है। विडंबना यह है कि शासन द्वारा निर्धारित समय में प्राइवेट स्कूलों को ट्यूशन फीस का भुगतान नहीं किया जा रहा है। इसके चलते प्राइवेट स्कूलों की आर्थिक स्थिति डांवाडोल हो गई है। जानकारी के अनुसार पिछले तीन साल से प्राइवेट स्कूलों की ट्यूशन फीस पेंडिंग हैं। वर्ष 2021-22 की राशि का भुगतान अधिकांश स्कूलों को किया जा चुका है, लेकिन करीब 20 स्कूलों के करीब 1 करोड़ रुपए का भुगतान बाकी है। वर्ष 2022-23 और वर्ष 2023-24 का एक भी स्कूल को भुगतान नहीं किया गया है। कुल मिलाकर करीब 10 करोड़ रुपए की ट्यूशन फीस बाकी है। प्राइवेट स्कूल के संचालकों ने बताया कि बड़े स्कूलों में मैनेजमेंट लेत-लतीफी जैसे-तैसे झेल लेता है। सबसे ज्यादा परेशानी छोटे स्कूलों को होती है जहां 50 प्रतिशत तक बच्चे आरटीई के तहत पढ़ते हैं। ट्यूशन फीस नहीं मिलने से इन स्कूलों को आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

### अब तक प्रक्रिया शुरू नहीं

आरटीई के तहत एडमिशन की प्रक्रिया जुलाई-अगस्त माह में ही निबटा ली गई थी। छात्र स्कूलों में पढ़ाई भी कर रहे हैं, लेकिन शासन द्वारा इन स्कूलों को ट्यूशन फीस देने के लिए प्रक्रिया शुरू नहीं की गई है। अब तक आईटीई का पोर्टल ही नहीं खुला है, जिसमें स्कूल ट्यूशन फीस के लिए दावा करते हैं। पोर्टल खुलने के बाद ट्यूशन फीस देने की प्रक्रिया में ही एक माह से ज्यादा वक्त लगता है। ऐसे में इस साल की ट्यूशन फीस भी स्कूलों को विलंब से मिलेगी।

# जिले के 169 कुष्ठ रोगियों में से 155 हुए स्वस्थ

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

नियमित उपचार के बाद जिले के 169 कुष्ठ संक्रमितों में से 155 लोग पूरी तरह से स्वस्थ हो गये हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा कुष्ठ मुक्त जिला बनाने पखवाड़ा मनाया जा रहा है।

- कुष्ठ मुक्त जिला बनाने मनाया जा रहा पखवाड़ा



एक समय में कुष्ठ रोग को लेकर जनमानस में कई प्रकार की भ्रांतियां थीं। कुष्ठ संक्रमितों से भेदभावपूर्ण व्यवहार किया जाता था। कुष्ठ रोग को लाइलाज माना जाता था लेकिन चिकित्सक विज्ञान में लगातार अनुसंधान के बाद इस बीमारी का इलाज खोज लिया, जिसके चलते अब यह बीमारी लाइलाज नहीं रह गई है। नियमित उपचार व दवाइयों के सेवन से संक्रमित व्यक्ति पूरी तरह से स्वस्थ हो रहे हैं। जिले में 169 कुष्ठ संक्रमित हैं, जिसमें से 155 कुष्ठ प्रभावित नियमित दवाई सेवन से पूरी तरह से ठीक हो गये हैं। इसी तरह जनजागरूकता के लिये जिला प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग द्वारा 13 फरवरी तक कुष्ठ पखवाड़ा मनाया जा रहा है। जिले के सभी ब्लाक में जनजागरूकता संबंधित विविध कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। सीएमएचओ डॉ. शैलेन्द्र कुमार मण्डल व डीपीएम डॉ. प्रिया कंवर ने बताया कि कुष्ठ रोग अशिक्षा, अंधविश्वास और बीमारी को छिपाने के प्रयास के कारण फैलता है लेकिन अब लोगों में जागरूकता आ रही है। लोग स्वयं सामने आकर बताने लगे हैं। आजादी के अमृत महोत्सव पर भारत कुष्ठ मुक्त की ओर की थीम लेकर जिले में कार्यक्रम चलाया जा रहा है, जिसके तहत ग्राम पंचायत व ग्रामसभा में बैठक कर मितानिन, स्वास्थ्य कार्यकर्ता व विभाग द्वारा कुष्ठ प्रभावितों के साथ मित्रवत व्यवहार, भेदभाव को दूर करने व उपचार के बाद कुष्ठ मुक्त प्रभावित को ग्रामसभा प्रमुख द्वारा सम्मानित मेहमान का दर्जा देकर उनका सम्मान करना एवं कुष्ठ उपचारित द्वारा प्रचार-प्रचार करने संबंधित गतिविधियां संचालित की जानी है। कुष्ठ मुक्त समाज की स्थापना के लिये दवाई का नियमित सेवन, जल्द जांच व समय पर इलाज से विकलांगता से बचाव जैसे महत्वपूर्ण बातें हैं। चमड़ी का सुन्नपन्न, दाग, तेलियां, तामिया चमक वाले चकते कुष्ठ रोग के लक्षण हो सकते हैं। शंका होने पर अपने निकटतम स्वास्थ्य केन्द्र पर संपर्क कर जांच व उपचार कराना आवश्यक है।

जिलाधीश ने धमतरी के आमजन एवं जनप्रतिनिधियों से जिले को कुष्ठ मुक्त बनाने अपने-अपने स्तर पर सहयोग करने की अपील की है।

# डीजे संचालक पर हुई कार्रवाई, म्यूजिक सिस्टम जब्त

**धमतरी।** तेज आवाज पर डीजे बजा रहे संचालक के खिलाफ रूद्री पुलिस ने कोलाहल नियंत्रण अधिनियम के तहत कार्रवाई की है।

- कोलाहल नियंत्रण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज

पुलिस के अनुसार रूद्री थाना क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 38 रूद्री में मंगलवार की देर रात्रि वार्ड के डोमेश साहू पिता चंद्रहास 27 वर्ष डीजे लगाकर तेज आवाज में गाना बजा रहा था। तेज आवाज के कारण आसपास



के लोगों को व पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों, बीमार बुजुर्गों को काफी असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा था। जानकारी होने पर रूद्री पुलिस की टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर त्वरित कार्रवाई करते हुए डीजे सिस्टम को बंद कराया। डीजे संचालक डोमेश साहू के खिलाफ कोलाहल नियंत्रण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्जकर म्यूजिक सिस्टम को जब्त किया गया। प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा। सभी डीजे संचालकों व संघ प्रमुख से चर्चा कर नियम का पालन करने की हिदायत दी गई। पुलिस द्वारा कोलाहल नियंत्रण अधिनियम के तहत इस तरह की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। उल्लेखनीय है कि एसपी प्रशांत ठाकुर के निर्देशन में शहर में रात्रि में चल रहे डीजे के संबंध में संचालकों की बैठक लेकर उच्च न्यायालय की गाइडलाइन एवं कोलाहल नियंत्रण अधिनियम में दिए गए प्रावधानों का पालन करने के संबंध में दिए गए दिशा-निर्देश से अवगत कराया गया था।

# कैमरे से होगी ओव्हरलोड वाहनों की निगरानी

**धमतरी।** ओव्हरलोड वाहनों पर लगाम कसने परिवहन मंत्रालय ने नया प्रयोग शुरू किया है। शहर के रत्नाबांधा चौक तथा सिहावा मार्ग में ग्राम मथुराडीह के पास आधुनिक कैमरा लगाया गया है। इसकी मॉनीटिरंग सीधे राजधानी से होगी।

- परिवहन मंत्रालय से होगी मॉनीटरिंग

यातायात विभाग से मिली जानकारी के अनुसार शहर से रेत, मुरूम के अलावा अन्य सामानों को लेकर भारी वाहन चलते हैं। अधिकांश वाहनों में ओव्हरलोड माल की ढुलाई होती है जिससे परिवहन विभाग को लाखों का नुकसान होता है वहीं सड़कें भी खराब होती हैं। ओव्हरलोड वाहनों को पकड़ने यातायात विभाग, आरटीओ द्वारा कार्रवाई की जाती है। बावजूद अतिरिक्त भार लेकर चलने वाले वाहनों पर लगाम नहीं लग पा रही है। ऐसे में परिवहन मंत्रालय ने नया प्रयोग शुरू किया है जिसके तहत रत्नाबांधा चौक तथा ग्राम मथुराडीह (सिहावा रोड) में वाईफाई से लैस आधुनिक कैमरा लगाया गया है। इस पोल में तीन कैमरे लगे हैं। इस कैमरे की मॉनीटिरंग परिवहन मंत्रालय रायपुर से होगी। कैमरे में ओव्हरलोड गाड़ी की फोटो कैद होने के बाद वाहन मालिक को सीधे ई-चालान जारी होगा।

यातायात डीएसपी मणिशंकर चन्द्रा ने बताया कि रत्नाबांधा चौक तथा मथुराडीह चौक (सिहावा मार्ग) में आधुनिक कैमरा लगाया गया है। इससे ओव्हरलोड वाहनों पर लगाम लगेगी।

## जिले में 36 प्रतिशत हितग्राहियों के आवेदन जमा

# ऑनलाइन कर सकते हैं राशनकार्ड का नवीनीकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

छत्तीसगढ़ शासन ने वर्तमान में प्रचलित सभी राशनकार्ड का नवीनीकरण कराने का निर्देश जारी किया है। प्रदेश में 25 जनवरी से राशनकार्ड के नवीनीकरण की प्रक्रिया शुरु हो चुकी है। खाद्य विभाग ने हितग्राहियों का राशनकार्ड बदलने का काम शुरु कर दिया है। नवीनीकरण के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 15 फरवरी है।

- आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 15 फरवरी

खाद्य निरीक्षक नरेश पीपरे ने बताया कि जिले में कुल 2 लाख 42 हजार 319 राशनकार्ड है। हर पांच साल में राशनकार्ड का नवीनीकरण किया जाता है। 25 जनवरी से यह प्रक्रिया शुरु हो गई है। अब तक 73117 हितग्राही ने आवेदन किया है। वहीं एफपीएस द्वारा 14813 आवेदन प्राप्त हुए हैं। कुल आवेदन 87930 मिले हैं। आवेदन का प्रतिशत 36.29 है। 154389 राशनकार्ड के आवेदन शेष हैं। जिले में अभी तक किसी को पीडीएफ प्रिंट जारी नहीं हुआ है। आवेदन ऑफलाइन तथा आनलाइन दोनों प्रकार से किए जा सकते हैं। जैसे- जैसे आवेदन आएंगे, वैसे- वैसे राशनकार्ड अपडेट होते जाएगा। इसी के साथ धारकों को राशनकार्ड जारी किए जाएंगे।



### एक सदस्य का ई-केवायसी अनिवार्य

खाद्य निरीक्षक श्री पीपरे ने बताया कि राशनकार्ड नवीनीकरण के लिए राशनकार्ड के किसी भी एक सदस्य का ई-केवायसी होना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि राशनकार्ड में कई सदस्य छोटे बच्चे होते हैं जिनका फिंगरप्रिंट बायोमेट्रिक में नहीं हो पाता। शासन ने इसमें राहत दी है। राशनकार्ड के सदस्यों में से एक सदस्य का ई-केवायसी अनिवार्य है। 15 फरवरी तक आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि है। वहीं पीडीएस को 29 फरवरी तक आवेदन की प्रक्रिया पूर्ण करनी होगी।

### स्क्रीन पर तीन विकल्प आएंगे

राशनकार्ड के नवीनीकरण के लिए एप खाद्य डाट सीजी डाट एनआईसी डाट इन डाउनलोड करें। एप डाउनलोड होने पर राशनकार्ड नवीनीकरण बटन पर क्लिक करें। स्क्रीन पर तीन विकल्प आएंगे। राशनकार्ड नवीनीकरण, नवीनीकरण की स्थिति जांचे, नवीनीकरण कैसे करें। प्रथम विकल्प में राशनकार्ड के नवीनीकरण पर जाना है। दूसरे विकल्प में राशनकार्ड में प्रदर्शित क्यूआर कोड स्कैन करने पर राशनकार्ड नंबर तथा मोबाइल नंबर सत्यापित करने पर राशनकार्ड के ई केवायसी सहित जानकारी प्रदर्शित होगी। ऑनलाइन आवेदन में अंकित घोषणा को चयनित कर राशनकार्ड नवीनीकरण का बटन क्लिक करना होगा। राशनकार्ड नवीनीकरण के आवेदन स्वीकार कर लेने का संदेश स्क्रीन पर प्रदर्शित होगा।


हरिभूमि **पाठक सूचना**

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

## खबर संक्षेप

### गांधी जी की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**कोर्रा(भखारा)।** महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर 30 जनवरी को भखारा में स्वच्छता अभियान चलाया गया। गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पूजा-अर्चना की गई।

### आत्मानंद स्कूल में लगा आनंद मेला

**भखारा।** नगर पंचायत भखारा में संचालित आत्मानंद स्कूल में आनंद मेला का आयोजन हुआ जिसमें स्कूली छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का स्टॉल लगाकर पालकों शिक्षकों और छात्र-छात्राओं को खिलाया। छात्र-छात्राओं ने आनंद मेला का खूब आनंद उठाया। इस अवसर पर शिक्षकगण हेमंत चौधरी, वैभव किरण, दिव्या मैडम, लोकेश्वरी, बिंदु यादव ,दुर्गेश नंदिनी, भारती साहू, गायत्री नायक, मोहित साहू उपस्थित थे।

विधायक ने वन विभाग के अधिकारी को जल्द मुआवजा राशि का भुगतान करने को कहा

# पति पर भालू ने किया हमला, मुआवजे के लिए पत्नी एक साल से भटक रही

हरिभूमि न्यूज ⏭ सांकरा

पति पर भालू के हमले के बाद उसकी पत्नी मुआवजे के लिए एक साल से भटक रही है। उन्होंने अपनी व्यथा विधायक अंबिका मरकाम को बताई। उन्होंने वन विभाग के अधिकारी को जल्द से जल्द मुआवजा राशि का भुगतान करने को कहा।

वन परिक्षेत्र अधिकारी दुगली (सामान्य) वनमण्डल धमतरी परिक्षेत्र अंतर्गत सुभाष पिता देवसिंग जाति गोड़ उम्र 35 वर्ष ग्राम भोबलाबाहरा निवासी



आयुर्वेदिक जड़ी बूटी निकालने आरक्षित वन क्षेत्र क्रमांक 251 में गया था। अचानक भालू ने उस पर हमला कर दिया। इस हमले में उसका दायां पैर टूट गया। बायें हाथ में गंभीर चोट आई है। उसे उपचार हेतु शासकीय सिविल अस्पताल नगरी से धमतरी और धमतरी से मेकाहरा रायपुर रिफर किया है। उपचार के दौरान काफी पैसा खर्च हो चुका है। मगर चलने में काफ़ी परेशानी हो रही है। 1 साल से अधिक हो चुका है लेकिन वह अभी भी पूरी तरह से ठीक नहीं हुआ है। उसकी पत्नी सविता कोगरे के पास इलाज करने के लिए पैसे नहीं है। वन परिक्षेत्र अधिकारी दुगली से कई बार मुआवजा राशि के लिए गुहार लगा चुकी हैं लेकिन आजपर्यंत मुआवजा राशि नहीं मिली। महिला का कहना है कि वन परिक्षेत्र अधिकारी दुगली को कागजात दे दिया गया है, मगर इलाज के लिए पैसा नहीं दिया जा रहा है।

सविता कोगरे ने क्षेत्रीय विधायक अंबिका मरकाम के घर पहुंचकर अपनी पीड़ा से उन्हें अवगत कराया। मुआवजा राशि की मांग को लेकर लेकर आवेदन भी दिया। इस मामले को गंभीरता से लते हुए विधायक अंबिका मरकाम ने वन विभाग के अधिकारी को तत्काल फोन कर सविता कोगरे को जल्द से जल्द मुआवजा राशि देने को कहा।

वहीं वन परिक्षेत्र अधिकारी सुभाष धुव ने कहा कि एक सप्ताह के अन्दर मुआवजा राशि का भुगतान कर दिया जायेगा।

# सिवनीकला हाईस्कूल बना उपार्जन केन्द्र

- तहसीलदार ने दूरभाष पर बीईओ से बात कर प्रबंधक को दिया मौखिक आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिर्री

प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति सिवनीकला सहित क्षेत्र के उपार्जन केन्द्रों में बचे हुए सैकड़ों किसानों के धान की आनन-फानन में खरीदी की जा रही है। सोसाइटियों में जगह नहीं होने के कारण सिवनीकला के हाईस्कूल परिसर को धान खरीदी केंद्र बनाया गया है। इससे विद्यार्थियों की पढ़ाई, खेल सहित अन्य गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं। स्थिति तो यह है कि स्कूली बच्चों को साइकिल रखने के लिए जगह कम पड़ रही है। स्कूल परिसर में ट्रेक्टर गाड़ियों आदि का शोर-शराबा मचा हुआ है। 1 मार्च से बोर्ड की परीक्षाएं शुरू होने वाली हैं। ऐसे में स्कूल को धान खरीदी केंद्र बनाकर बच्चों की पढ़ाई को प्रभावित किया जा रहा है। स्कूल परिसर में सुबह से शाम तक सैकड़ों ट्रेक्टर धान ढुलाई करते रहे। 30 जनवरी को सिवनीकला सोसाइटी में 350 किसानों



के 7600 क्विंटल अर्थात 19000 कट्टा धान की खरीदी देर रात तक की गई। 31 जनवरी को 194 किसानों के लगभग 7000 क्विंटल अर्थात 17500 कट्टा धान खरीदी की गई। इसे रखने के लिए वर्तमान में स्कूल परिसर भी कम पड़ा और अन्य जगहों पर धान खरीदी की तैयारी की जा रही है। इससे संबंधित अधिकारी कर्मचारी परेशान रहे। राज्य सरकार को 4 फरवरी तक खरीदी की तारीख बढ़ाने को मजबूर होना पड़ा।

समिति प्रबंधक ओमप्रकाश साहू ने पूछने पर बताया कि तहसीलदार ने स्कूल परिसर का मुआयना किया और बीईओ से दूरभाष पर बात करके मौखिक रूप से स्कूल परिसर में ही धान खरीदी करने के लिए आदेशित किया। हाईस्कूल के प्राचार्य तुलसीराम पटेल ने बताया कि मुझे बीइओ द्वारा दूरभाष पर धान खरीदी की केवल जानकारी दी गई है।

# बगौद के मिडिल स्कूल में मनाया गया वार्षिकोत्सव



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

मंगलवार को शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बगौद में वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान मुख्य अतिथि भोजराज साहू महामंत्री भाजपा अन्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने कह कि अच्छी शिक्षा एवं संस्कार ही जीवन को एक नया रुप देते हैं। हमें समाज को शिक्षित एवं संस्कारित बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए। कार्यक्रम से छात्रों में छिपी हुई प्रतिभा को निखारना आसान होता है। इस दौरान बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस अवसर पर दुकालू राम साहू, पुरोहित बंजारे, लीलाराम साहू, हेमचन्द साहू के अलावा स्कूली बच्चे, शिक्षकगण व पालकगण उपस्थित थे।

## भागवत कथा से पहले निकली कलशयात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी

ग्राम जोराताराई अ में स्व. पंचमसिंह साहू की पुण्यस्मृति में 30 से 6 फरवरी तक श्रीमद् भागवत पुराण कथा का आयोजन किया गया है। कथावाचक सर्वेश्वरानंद सरस्वती महराज चित्रकूटधाम होंगे। मंगलवार को कलशयात्रा निकालकर भागवत कथा का शुभारंभ किया गया। ग्रामीण महिलाओं ने कलश लेकर पूरे गांव का भ्रमण किया। बाजे-गाजे के साथ निकाली गई कलश यात्रा में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने हिस्सा लिया।

# प्लास्टिक लीग में सिवनीकला विजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिर्री

ग्राम सिवनीकला में रॉयल क्लब द्वारा रात्रिकालीन गली प्लास्टिक लीग का आयोजन 25 से 28 जनवरी तक किया गया। स्पर्धा में रायपुर जिला, बालोद जिले की टीम ने भाग लिया। स्पर्धा में प्रथम पुरस्कार 5524 रुपए दोस्ताना क्रिकेट क्लब सिवनीकला ने प्राप्त किया। दूसरा पुरस्कार 3324 रूपये मौरीकला को दिया गया। तीसरा पुरस्कार 1724 रूपए यंगिस्तान क्रिकेट क्लब सिवनीकला ने हासिल किया। प्लास्टिक लीग के साथ ही 28 जनवरी को रस्साखींच



प्रतियोगिता की गई। महिला वर्ग में ईश्वरी टीम को प्रथम पुरस्कार 1601 रूपये और वेणुका टीम को द्वितीय 801 रूपये प्रदान किया। पुरुष वर्ग में प्रथम पुरस्कार 1601 रूपये आदित्य टीम ने और दूसरा पुरस्कार 801 रुपए दिलेंद्र टीम ने हासिल किया।

इस अवसर पर सरपंच ईश्वर लाल साहू, अमित चंद्राकर, अमर साहू, कमल साहू, डीहूराम साहू, तेजराम साहू सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे। स्पर्धा में विशेष रूप से सन्नी साहू का सहयोग रहा।

## चर्रा में 3 को मड़ई

**कुरूद।** ग्राम चर्रा में जय माता दी ग्रुप मड़ई समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से मड़ई मेला का आयोजन 3 फरवरी को किया गया है। लोगों के मनोरंजन हेतु रात्रि में झन भुलो मां बाप ला छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी मोखा पचपेड़ी की प्रस्तुति होगी।

## बच्चों को मिले परीक्षा के तनाव से बचने के टिप्स

**मगरलोड।** शाउमावि मोहंदी में विद्यार्थियों को परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम टीवी के माध्यम से दिखाया गया। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बच्चों को परीक्षा के तनाव से मुक्ति एवं अन्य प्रश्नों का उत्तर देते हुए बच्चों को चिंतामुक्त रहकर परीक्षा देने को कहा। इस कार्यक्रम से सभी बच्चों को प्रेरणा मिली। मौके पर प्राचार्य के. साहू, डीडी नवरंगे, बीएल साहू, डीके देवांगन, एनकेवी घरडे, यू. ध्रुव, पी. देशमुख, एस. महोबिया, ए. मसीह उपस्थित थे।

गुप्त रोगी संपर्क करें
पुरूष गुप्त रोगी नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, समय से पहले स्खलित हो जाना, शुक्राणु की कमी, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन व पेशाब के साथ धातु का गिरना एवं जलन होना। चर्म रोग दाद, खाज, बेमची, वातरोग सायटिका, बावासीर, पथरी रोगी
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
अंबेडकर चौक, अंगारमोती मेडिकल स्टार्स के पास, बस्तर रोड, जोधापुर, धमतरी मो. 9174466336

# विधायक ओंकार ने किया बाजार शेड निर्माण का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

धमतरी विकासखंड के ग्राम पंचायत खम्हरिया में हाट बाजार शेड निर्माण का भूमिपूजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक ओंकार साहू, विशिष्ट अतिथि दमयंती केशव साहू सदस्य जिला पंचायत धमतरी, कविता योगेश बाबर सदस्य जिला पंचायत धमतरी, बृजेश जगताप सदस्य जनपद पंचायत धमतरी, जागेश्वरी राकेश साहू सदस्य जनपद पंचायत धमतरी, अमरदीप साहू महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी, डॉ.



दयालाल साहू सेक्टर अध्यक्ष, सरपंच रवि कुमार ध्रुव, उप सरपंच रामकृष्ण साहू सहित ग्राम प्रमुखों की उपस्थिति में भूमि पूजन कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। सर्वप्रथम अतिथियों ने भूमिपूजन कर कुदाली चलाकर कार्य का श्री गणेश किया तत्पश्चात समस्त अतिथिगण मंचासीन हुए। ग्रामवासी व स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने अतिथियों का फूल माला से स्वागत किया।

कार्यक्रम को सर्वप्रथम ग्राम पंचायत सरपंच रविकुमार ध्रुव ने संबोधित किया और कहा कि बड़ी खुशी की बात है कि आज ग्राम पंचायत खम्हरिया में हाट बाजार शेड निर्माण का भूमिपूजन सम्पन्न हुआ। स्थानीय विधायक की अनुशंसा से लगातार क्षेत्र में विकास के कार्य किए जा रहे हैं। कार्यक्रम को अन्य वक्ताओं ने संबोधित किया।

अंत में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ओंकार साहू ने कहा कि एक जनप्रतिनिधि होने के नाते क्षेत्र का विकास हमारी पहली प्राथमिकता है। ग्राम पंचायत खम्हरिया में शेड निर्माण होने से सब्जी व्यापारियों के साथ साथ लोगों को भी सहुलियत होगी।

इस दौरान घनश्याम साहू, बलराम साहू, खेमनलाल साहू, इंद्रजीत साहू, विनोद साहू, रंजीत साहू, धनीराम ध्रुव, रामस्वरूप विश्वकर्मा, उमाशंकर मांडवी, उत्तम मिथिलेश, गंगाबाई साहू, रेशमा बाई ध्रुव, सरिता साहू, मंजू महार, लीलाबाई साहू, सत्यवती साहू, प्रतिमा बाई साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## अंचल की खबरें

### गांधी जी के विचार आज भी प्रासंगिक



**नगरी।** पूर्व विधायक डॉ लक्ष्मी ध्रुव के निवास में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर श्रीमती ध्रुव ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के अनमोल विचारों ने दुनिया भर के लोगों को प्रेरित किया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की मृत्यु 30 जनवरी 1948 को हुई थी। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बापू को श्रद्धांजलि दी और उनके आदर्श और महान विचारों को याद किया। आगे कहा कि बापू भले ही आज हमारे बीच नहीं है, लेकिन उनके विचार आज भी हमारे मन में जिंदा है। गांधी जी का स्वच्छता मंत्र आज जन-जन तक पहुंच चुका है। भारतवर्ष हमेशा उनके इस बलिदान को याद रखेगा। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में रुद्रप्रताप नाग, माखन भरेवा, गणेश चोपड़ा, राजू समेत अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### चंद्रपुर-शिवरीनारायण का किया शैक्षणिक भ्रमण



**नगरी।** शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी के प्रभारी प्राचार्य प्रो. आरआर मेहरा के मार्गदर्शन एवं डॉ. अंबा शुक्ला के संयोजन में रासेयो स्वयंसेवकों को चंद्रपुर एवं शिवरीनारायण का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। शैक्षणिक भ्रमण में कुल 50 छात्र-छात्राओं ने अपनी सहभागिता प्रदान की। स्वयंसेवकों ने भ्रमण के दौरान अपने नये अनुभवों को साझा किया एवं ऐतिहासिक तथा धार्मिक जानकारी हासिल की।

### एनएसएस ए सर्टिफिकेट के लिए हुई परीक्षा



**कोर्रा(भखारा)।** शाउमावि पचपेड़ी में प्राचार्य रविंद्र कोसरे के मार्गदर्शन एवं कार्यक्रम अधिकारी पारसमणि साहू के निर्देशन में कक्षा 12वीं के स्वयंसेवक विद्यार्थियों ने रासेयो द्वारा आयोजित ए सर्टिफिकेट के लिए लिखित एवं मौखिक परीक्षा दी। परीक्षा में रासेयो की साल भर की गतिविधियों एवं क्रियाकलापों पर आधारित परीक्षा का आयोजन किया गया जिसमें 60 स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया। लिखित परीक्षा के पश्चात स्वयंसेवकों की मौखिक परीक्षा भी आयोजित की गई, जिसमें एनएसएस के उद्देश्य एवं सिद्धांत पर आधारित प्रश्नों के माध्यम से स्वयंसेवकों के व्यक्तित्व को जांचने का प्रयास किया गया। परीक्षा में सफल स्वयंसेवकों को रासेयो द्वारा ए सर्टिफिकेट प्रदान किया जाएगा।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल-भाठागांव**
**तहसील कुरूद जिला धमतरी (छ.ग.)**
**सूचना**

प्रति,

1. श्री पोखराज गिरी पि. जयंत प्रकाश गिरी
2. श्री खेमन ठाकुर पि. कलीराम
3. श्री मोहेराम पि. मनोहर ध्रुव
4. श्री चैतराम पि. सीताराम ध्रुव
5. श्री राजू पि. कामता राम
6. श्री पंचराम पि. कल्याण कुर्रे

विषय :- सीमांकन के समय मौके पर उपस्थित रहने बाबत।

संदर्भ :- न्याय. तहसीलदार के ज्ञापन क्र./1015/तह./वा./23, कुरूद दिनांक 06/06/2023

000

ग्राम मरौद प.ह.नं. 24 रा.नि.मं.-भाठागांव, तहसील-कुरूद, जिला-धमतरी के आवेदक पोखराज गिरी पि. जयंत प्रकाश गिरी ने अपनी भूमि खसरा नं. 359, 245/1 रकबा क्रमशः 0.25, 0.16 हे. का सीमांकन करने हेतु न्या. तहसीलदार कुरूद को आवेदन किया गया है।

संदर्भित आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 07/02/2024 (अपरान्ह) को किया जाना नियत है। जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है।

अतः आप उक्त तिथि को भूमि संबंधित दस्तावेज के साथ नियत समय पर मौके पर उपस्थित रहे। उपस्थिति नहीं होने की दशा में एवं बाद में की गई आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

**राजस्व निरीक्षक भाठागांव**
**तहसील-कुरूद**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल-भाठागांव**
**तहसील कुरूद जिला धमतरी (छ.ग.)**
**सूचना**

प्रति,

1. श्री पोखराज गिरी पि. जयंत प्रकाश गिरी
2. श्री दीपक पि. फूलसिंह वगैरह
3. श्री दीपक पि. श्रीराम
4. श्रीमती सस्वती जौजे धनेश्वर
5. श्री पतिराम पि. कल्याण सिंह
6. श्री झुमकलाल पि. ठाकुर राम वगैरह
7. श्री दुर्गेश पि. माखन वगैरह
8. सर्वसाधारण

विषय :- सीमांकन के समय मौके पर उपस्थित रहने बाबत।

संदर्भ :- न्याय. तहसीलदार कुरूद के ज्ञापन क्र./1007/तह./वा./2023, कुरूद दिनांक 06/06/2023

000

ग्राम मरौद प.ह.नं. 24 रा.नि.मं.-भाठागांव, तहसील-कुरूद, जिला-धमतरी के आवेदक पोखराज गिरी पि. जयंत प्रकाश गिरी ने अपनी भूमि खसरा नं. 236, 251 रकबा क्रमशः 0.05, 0.09 हे. का सीमांकन करने हेतु न्या. तहसीलदार कुरूद को आवेदन किया गया है।

संदर्भित आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 07/02/2024 (अपरान्ह) को किया जाना नियत है। जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है।

अतः आप उक्त तिथि को भूमि संबंधित दस्तावेज के साथ नियत समय पर मौके पर उपस्थित रहे। उपस्थिति नहीं होने की दशा में एवं बाद में की गई आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

**राजस्व निरीक्षक भाठागांव**
**तहसील-कुरूद**

महाश्वेता शिशु मंदिर में मनाया गया वार्षिकोत्सव

# सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा





हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी

ग्राम सुपेला में संचालित महाश्वेता शिशु मंदिर में वार्षिक उत्सव मनाया गया। मुख्य अतिथि पूर्व पालक अध्यक्ष ईश्वर साहू व कृष्णदयाल साहू ने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम से बच्चों की प्रतिभा सामने आती है। उनके भीतर का डर भागता है। बच्चों का मानसिक विकास होता है। बच्चों ने अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। रेला पाटा, हिंदी मूवी के गीत में नृत्य, करमा नृत्य, ददरिया, पंथी नृत्य, सुआ नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी। स्कूली बच्चों ने छत्तीसगढ़ी संस्कृति पर पोशाक धारण कर कार्यक्रम को सुशोभित किया। इस अवसर पर राकेश साहू प्राचार्य अथर्व उमावि भठेली, कृष्णदयाल साहू, उपसरपंच सुदामाराम साहू, प्राचार्य हितेंद्र साहू, शिक्षक राजेश दुबे, झानेंद्र साहू, शिक्षिका कुलेश्वरी साहू, डीलेश्वरी साहू, तृप्ति सिन्हा, चित्ररेखा साहू, जतिन साहू, दिग्विजय साहू, युगलकिशोर साहू सहि ग्रामीणजन एवं स्कूली बच्चे उपस्थित थे।

Pride of Dhamtari
आपके शहर धमतरी में
प्रख्यात चिकित्सकों व्दारा चिकित्सा परामर्श
ओ.पी.डी.
कृपया पुरानी रिपोर्ट साथ लावें
पंजीयन आवश्यक - 9981996482
स्थान : क्रिश्चन हॉस्पिटल ,बस स्टैण्ड के सामने, धमतरी
अगर आप किडनी रोग, मस्तिष्क रोग, स्लिप डिस्क से सम्बंधित लक्षण व परेशान है तो अवश्य परामर्श लेवें
डॉ अक्षय बैद — MS,MCh, Neurosurgeon, ब्रेन सर्जरी विशेषज्ञ, 02 फरवरी 2024 शुक्रवार
डॉ करण सराफ — MD,DM Nephrologist, किडनी रोग विशेषज्ञ, 07 फरवरी 2024 मंगलवार
डॉ आशु जैन — MS,MCh, Neurosurgeon, ब्रेन सर्जरी विशेषज्ञ, 09 फरवरी 2024 शुक्रवार
विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 83058-71196, कुरुद - 98268-82770, नगरी -77488-10431,
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-238756

## अंचल की खबरें

### अग्निवीर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन 8 से



**जीजामगांव।** छत्तीसगढ़ में अग्निवीर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन 8 फरवरी से मंगाए गए हैं। यह ऑनलाइन प्रक्रिया 21 मार्च तक चलेगी। ऑनलाइन परीक्षा अप्रैल एवं मई के महीने में होने की संभावना है। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के प्रदेश अध्यक्ष कर्नल (डॉ) हरेंद्र त्रिपाठी एवं मीडिया प्रभारी पूर्व सैनिक योगेश साहू ने बताया कि छत्तीसगढ़ में अधिक से अधिक युवक एवं युवतियां भर्ती हो, इसके लिए कमल विहार सेक्टर 13 रायपुर, अभनपुर, तिल्दा, भाटापारा, कोंडागांव, कांकेर, जगदलपुर एवं सरगुजा में निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन शिविर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के पूर्व सैनिकों द्वारा लगाया जा रहा है।

### वृद्धों की समस्या जानने छात्राएं पहुंची वृद्धाश्रम



**धमतरी।** शासकीय एनआरएम कन्या महाविद्यालय से बीए भाग दो समाजशास्त्र की छात्राओं ने समाजशास्त्र विषय के अंतर्गत वृद्धों की समस्या जानने डॉ. जेएल पाटले, सहायक प्राध्यापक समाजशास्त्र एवं डॉ. चन्द्रशेखर बांधे क्रीड़ा अधिकारी के मार्गदर्शन में रूद्री स्थित वृद्धाश्रम पहुंची। यहां निवासरत वृद्धजनों से मुलाकात कर उनके पारिवारिक, सामाजिक, आर्थिक पहलुओं पर अध्ययन किया एवं यह जानने का प्रयास किया कि उन्हें किन कारणों से वृद्धाश्रम में रहना पड़ रहा है। छात्राओं ने वृद्धाश्रम में फल एवं बिस्किट का वितरण किया। वृद्धजनों ने बताया कि उन्हें समय-समय पर जिला प्रशासन, जनप्रतिनिधियों तथा समाजसेवियों का सहयोग मिलता है जिनके कारण उनका जीवन सुखमय व्यतीत हो रहा है।

### सलोनी स्कूल में मतदान साक्षरता क्लब का गठन




**धमतरी।** शत-प्रतिशत मतदान के उद्देश्य से सलोनी विद्यालय में मतदान साक्षरता क्लब का गठन किया गया है, जिसमें सभी छात्र-छात्राओं को अपने-अपने ग्राम, मुहल्ले में नवविवाहित, मतदाता सूची में नाम छुटे हुए तथा नया मतदाताओं को नाम जुड़वाने के लिए पहल करने आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। मतदान को लोकतंत्र की आवश्यक प्रक्रिया बताते हुए घनश्याम सिंह साहू ने अपने ग्राम के बूथ लेवल आफिसर से सहयोग कर सभी योग्य मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जुड़वाने के लिए कहा।

मोटी पुस्तकों की तुलना में परीक्षा पास करने का शार्टकट तरीका

# वार्षिक परीक्षा की नैया अब कुंजी गाइड के सहारे

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

प्राथमिक, मिडिल से लेकर हाई, हायर सेकेंडरी एवं कालेज की परीक्षाएं विद्यार्थियों के सिर पर हैं। सभी कक्षाओं की वार्षिक परीक्षा मार्च-अप्रैल में प्रारंभ हो जाएगी। स्कूल-कालेज के बच्चे भारी भरकम व मोटी पुस्तकों का अध्ययन करने की बजाय कुंजी, गाइड, प्रश्नबैंक, परीक्षासार का सहारा ले रहे हैं। बुक डिपो में कुंजी, गाइड की भरमार है।

पुस्तक व्यवसायी मयूर राठौर ने बताया कि सामान्यतः कुंजी गाइड की मांग दिसंबर जनवरी माह में ज्यादा होती है, लेकिन इस बार सितंबर अक्टूबर से मांग होने लगी है। बच्चे मोटी पुस्तकें न खरीदकर कुंजी गाइड में ज्यादा भरोसे करने लगे हैं। वर्तमान में 75 प्रतिशत बच्चे कुंजी गाइड के सहारे वार्षिक परीक्षा की नैया पार करने में लगे हैं।

गौरतलब है कि पुस्तक दुकानों में स्कूली स्तर से लेकर कालेज तक के गाइड, प्रश्नबैंक, कुंजी, परीक्षा सार की भरमार है। छात्रों के लिए प्रकाशकों की ओर से जीनियस सीरीज पेश की है। छात्र अपनी पसंद के अनुसार खरीद रहे हैं। छात्रों की माने तो इस तरह के गाइड, कुंजी से 60 प्रश्न जरूर आते हैं। यही वजह है कि गाइड कुंजी की मांग दिनोंदिन बढ़ती जा रही है। छात्र अनिकेत साहू, नीरज साहू, सोनाली कश्यप, अंजलि नाग आदि का कहना है कि स्कूल कालेज में वे सालभर क्लास अटेंड कर अध्ययन जरूर करते हैं लेकिन परीक्षा के मौके पर कुंजी गाइड से काफी सारी जानकारी मिल जाती है। मोस्ट इंपोर्टेंट प्रश्नों की जानकारी मिल जाती है जिसकी वे अच्छे से तैयारी कर लेते हैं। इधर शिक्षकों का कहना है कि छात्र छात्राओं को गाइड कुंजी से तात्कालिक लाभ तो जरूर मिलता है लेकिन विषय की गहराई गाइड से प्राप्त नहीं होती, इसलिए पुस्तकों का अध्ययन जरूरी है।

#### लाइब्रेरी में बैठकर कर रहे पढ़ाई

परीक्षा को लेकर छात्र-छात्राएं गंभीर हो गए हैं। तैयारी को लेकर जिला ग्रंथालय में बैठकर शांत मन से तैयारी में लगे हैं। विद्यार्थियों का कहना है कि घर से दूर लाइब्रेरी ही एक ऐसा स्थान है जहां 4-5 घंटे पढ़ाई अच्छे से हो जाती है। साथ ही कई पुस्तकें निःशुल्क पढ़ने को मिलती है।



#### कोचिंग-ट्यूशन कक्षाओं में भीड़

परीक्षा नजदीक आते ही शहर में कोचिंग संस्थाओं और ट्यूशन क्लास में बच्चों की भीड़ बढ़ गई है। ज्यादातर बच्चे शहरी क्षेत्र के हैं। इस मौके पर सीजनेबल कोचिंग कक्षाएं भी खुल गई हैं जो पूरे सब्जेक्ट को दो माह में पूरा करने का ठेका लेते हैं और 10 से 15 हजार प्रति विद्यार्थी वसूली कर रहे हैं। इधर छात्र-छात्राएं और पालक भी अच्छे अंक की आस में अपनी मेहनत की कमाई कोचिंग क्लास को दे रहे हैं।

## खेल प्रतियोगिता के विजेताओं को मिला पुरस्कार



हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

श्रृंगी ऋषि विद्यालय में खेलकूद प्रतियोगिता हुई। 100 मीटर रेस, 200 मीटर रेस, कुर्सी दौड़, स्लो साइकिल रेस, स्कीपिंग, कबड्डी, खो- खो, क्रिकेट का आयोजन किया गया था। प्रमाण-पत्र, मेडल एवं पुरस्कार से बच्चों को सम्मानित किया गया। 26 जनवरी को सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ। विद्यालय के बच्चों ने देशभक्ति गीत, छत्तीसगढ़ी की लोक संस्कृति पर नृत्य प्रस्तुत किया था जिसके सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राचार्य एसके प्रजापति ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से बच्चों की प्रतिभाएं निखरती हैं। मौके पर प्रधानपाठक एसपी चक्रधारी, प्रधानपाठिका निधि राठौर, प्रधानपाठिका माध्यमिक विभाग चैन चौधरी, शिक्षकगण जीएल साहू, चेतन डडसेना, मानसिंह साहू, देवकुमार, प्रभात यादव, चित्रलेखा महोबे, भारती शर्मा, तिलोत्मा बाग, चांदनी साहू, सोनाली सोनी, मीनाक्षी ठाकुर, राजनंदनी साहू उपस्थित थे। खेलकूद का आयोजन पीटी शिक्षक खेमराज साहू एवं सैमुएल मसीह के मार्गदर्शन में हुआ। यह जानकारी शिक्षक सीके डडसेना ने दी है।

## अब तक 50 लाख से भी ज्यादा की सहयोग राशि दी गई

- छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन 2017 से प्रदान कर रहा संवेदना संकल्प राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी



छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ब्लॉक शाखा नगरी के सदस्य अपने संगठन के साथियों के निधन होने पर एक लाख की आर्थिक सहयोग राशि प्रदान करते हैं। ऐसे साथी जो आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण गंभीर बीमारी में इलाज करवाने में असमर्थ होते हैं उनको आर्थिक सहयोग राशि देने का सिलसिला 2017 से शुरू हुआ है तब से लेकर आज तक 50 लाख से भी ज्यादा की सहयोग राशि संगठन के माध्यम से जरूरतमंद सदस्यों को दी जा चुकी है।

संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष शैलेंद्र कौशल, सचिव टीकमचंद सिन्हा, कोषाध्यक्ष तोमल साहू, जिला उपाध्यक्ष तीरथराज अटल एवं प्रांतीय आईटी सेल प्रभारी कैलाश सोन ने बताया कि एक समय था जब हमारा वेतन बहुत कम थी तब हमको गंभीर बीमारी के इलाज करवाने के लिए आर्थिक समस्या का सामना करना पड़ता था। समस्या तब और विकराल हो जाती थी जब किसी के घर का एकमात्र कमाऊ सदस्य का निधन हो जाने पर विभाग की ओर से सिर्फ एक्सग्रेसिया राशि 50000 हजार दी जाती थी। उसके बाद न अनुकम्पा नौकरी और न ही आर्थिक सहयोग किया जाता था। इन सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर सन 2017 से दिवंगत साथियों के परिजनों को 1-1 लाख रुपये की संवेदना संकल्प राशि एवं गंभीर बीमारी से जूझ रहे आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को 1-2 लाख रुपये तक का सहयोग संगठन की ओर से दिया जा चुका है।

## वार्षिक महासभा में कई सामाजिक प्रकरण निबटे



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोर्रा(भखारा)

परिक्षेत्रीय निषाद समाज रामपुर द्वारा भक्त शिरोमणि गुहा निषाद जयंती, आदर्श विवाह एवं वार्षिक महासभा का आयोजन किया गया। वार्षिक महासभा में अनेक सामाजिक समस्याओं का समाधान किया गया।

बिजनेस साइट

## पं. गजानन महाराज का ज्योतिष शिविर जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



नासिक महाराष्ट्र से धमतरी पहुंचे प्रसिद्ध ज्योतिष पं. गजानन महाराज का नगर में ज्योतिष शिविर जारी है। पं. गजानन महाराज 18 जनवरी से 02 फरवरी तक रूम नंबर 119, भगवती लॉज बस्तर रोड में ठहरे हैं। वे सुबह 9 से शाम 6 बजे तक लोगों के पूछे तीन प्रश्नों का जवाब देते हैं। उनकी सटीक भविष्यवाणी का धमतरी जिला सहित पूरे प्रदेश के नामचीन नेता से लेकर मंत्री, अधिकारियों सहित हजारों लोगों ने लाभ उठाया है। वे लोगों की हस्तरेखा और चेहरा देखकर जीवन के बारे में सही भविष्यवाणी करते हैं।



## खबर संक्षेप

### थूहा में मानस सम्मेलन कल से, मड़ई 13 को

**सिर्री।** ग्राम थूहा में 2 से 4 फरवरी तक तीन दिवसीय मानस सम्मेलन का आयोजन किया गया है। 13 फरवरी को मड़ई रखी गई है। रात्रि में दुर्रे बंजारी महाराष्ट्र बॉर्डर राधा कृष्णलोक कला छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी का कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी अध्यक्ष देवेंद्र कुमार साहू, सचिव ओमनारायण साहू, गगन चंद्राकर ने दी है।

### मानसगान स्पर्धा का आयोजन 9 फरवरी से

**सिर्री।** ग्राम खर्रा, कुल्हाड़ी, करगा, कोड़ापार में 9, 10 एवं 11 फरवरी को मानसगान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। यह जानकारी झाड़ूराम वर्मा संरक्षक, नरेंद्र ध्रुवंशी अध्यक्ष और विसंभर साहू ने दी है।

### जीजामगांव में मड़ई 5 को

**जीजामगांव।** ग्राम जीजामगांव में 5 फरवरी सोमवार को मड़ाई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में मनोरंजन के लिए मयारू मोर नाचा पार्टी लाटाबोड़ जिला बालोद की प्रस्तुति होगी।

### गागरा में मड़ई 2 को

**पुरी।** ग्राम गागरा में 2 फरवरी को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में मनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी मोर मयारू गंगा सरबोंग (उड़ीसा) का कार्यक्रम रखा गया है। कार्यक्रम की तैयारी में यशवंत साहू, मनोज ध्रुव पंच, महेश साहू समेत अन्य जुटे हैं। यह जानकारी डोमेश्वर रावत युवा ग्राम विकास समिति ने दी है।

### डोंगरडुला में मड़ई मेला आज

**नगरी।** ग्रामवासियों के सहयोग से आज डोंगरडुला में मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रिकालीन मनोरंजन के लिए उड़ीसा कालदा का नाचा कार्यक्रम रखा गया है। इसकी तैयारी में ग्रामीण अध्यक्ष चिन्ता ध्रुव, उपसरपंच प्रताप साहू, अनराज साहू, तुकेश्वर साहू, पेमंत साहू, धनीराम ध्रुव, पुजारी गोपाल, पुरूषोत्तम ध्रुव, दुखवाराम जुटे हैं।

### टेनिस बॉल प्रतियोगिता 2 फरवरी से

**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम इर्रा में आठ दिवसीय ग्रामीण स्तरीय टेनिस बॉल प्रतियोगिता का आयोजन सूर्य क्रिकेट क्लब एवं ग्रामवासियों के सहयोग से 2 फरवरी शुक्रवार से किया जा रहा है। शुभारंभ अवसर के मुख्य अतिथि अजय चंद्राकर विधायक कुरूद होंगे। अध्यक्षता सुनील साहू करेंगे। विशिष्ट अतिथि रिंकू सिन्हा, जनपद सदस्य पदमा साहू, जनपद सदस्य छत्रपाल बैस, डॉक्टर अजय साहू अध्यक्ष साहू समाज, भावप्रकाश साहू, चोवाराम साहू, सरपंच संजय साहू, पूर्व सरपंच कमलेश ठाकुर, गंभीर साहू, चिमन ठाकुर, विरेंद्र साहू, अजीत निषाद होंगे। प्रथम पुरस्कार 8001 रुपये, द्वितीय पुरस्कार 5001 व तृतीय पुरस्कार 1501 रुपये दिया जायेगा। प्रतियोगिता की तैयारी में अध्यक्ष उपेंद्र साहू, उपाध्यक्ष शीतल साहू, सचिव खिलेश निषाद, कप्तान हिमाचल ठाकुर, उपकप्तान सत्योम, ईश्वर निषाद, शीतल सदानंद साहू, मुरली देवेंद्र, मुकेश, मोहित, रोशन, सोमेश्वर, भूपेश साहू, युवराज, ओमप्रकाश, रामगुलाल, हेमशंकर, पूरनलाल, राहुल, हर्षकुमार, रुपेश, ललित जुटे हुए हैं।

### रेत का अवैध परिवहन, तीन वाहन सीज



**धमतरी।** कलेक्टर नम्रता गांधी के निर्देश पर जिले में खनिज विभाग द्वारा गौण खनिज आधारित क्षेत्रों से रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में दोनर से अवैध रेत परिवहन करते पाए जाने पर तीन वाहन सीज किए गए।

बाजार से सस्ता होने के बाद भी लोगों ने नहीं दिखाई दिलचस्पी

# राशन दुकानों में हल्दी-मिर्च मसालों को नहीं मिला रिस्पांस

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी




जिले की राशन दुकानों में अनाज, शक्कर, मिट्टीतेल, नमक के साथ किफायती दरों में धनिया, हल्दी, मिर्च मसाले रखने का सरकारी आदेश आया है। इस आदेश के बाद जिले के कुछ राशन दुकान संचालकों ने मसाले के पैकेट भी बेचे, लेकिन हितग्राहियों द्वारा रिस्पांस नहीं दिए जाने के कारण अब मिर्च, धनिया, हल्दी, मसाले के पैकेट रखना ही बंद कर दिए। राशन दुकान संचालकों ने बताया कि विभाग के निर्देश पर हल्दी, मिर्च, धनिया के पैकेट रखे थे। 100 ग्राम मसाले की कीमत 20 रुपए थी। मसाला लेना उपभोक्ताओं की इच्छा पर निर्भर था। इसके बाद भी लोगों ने दिलचस्पी नहीं दिखाई। बाजार से सस्ता होने के बाद भी इसके खरीददार नहीं मिले। अब हल्दी, मिर्च मसाले के पैकेट रखना ही बंद कर दिए।

हितग्राही शांति विश्वकर्मा, सोहद्रा साहू, जानकी साहू, कुमारी रंगारे आदि ने बताया कि चिल्हर बाजार से सस्ता होने के बाद भी उन्हें राशन दुकानों के मसाले पसंद नहीं आए। कुछ मसाले पुराने स्टाक के थे। जिसका स्वाद अच्छा नहीं था। क्वालिटी में खराबी की शिकायत मिलने पर वे उसे नहीं खरीद रहे हैं। यहीं कारण है कि राशन दुकानों में अब इनकी बिक्री लगभग बंद हो गई है।

खाद्य निरीक्षक नरेश पीपरे ने बताया कि शासन के आदेश के बाद राशन दुकानों में धनिया, हल्दी, मिर्च पावडर की बिक्री शुरु की गई थी। डिमांड कम होने से राशन दुकान संचालक उसे नहीं रख रहे हैं।

चिल्हर बाजार के दाम से इसकी तुलना करें तो पीडीएस के मसाले महंगे साबित हो रहे हैं। किराना दुकानों से मिली जानकारी के अनुसार ब्रांडेड कंपनी की हल्दी 100 ग्राम 18 रुपए, धनिया पावडर 15 रूपए तथा मिर्च 100 ग्राम 20 रुपए में आसानी से मिल जाते हैं। प्रोडक्ट की बात करें तो इसमें निर्माण और अवसान तिथि अंकित रहती है। क्वालिटी के हिसाब से नंबर वन रहता है। ब्रांडेड वस्तुओं में मिलावट की गुंजाइश नहीं रहती।

इसी प्रकार खड़ा मसाला खरीदकर अगर उनका पावडर बनाया जाए तो यह और सस्ता पड़ेगा। जानकारी के मुताबिक खड़ी हल्दी 110 रुपए, खड़ा धनिया 100 रुपए, खड़ी मिर्च 260 रुपए किलो है। चक्की में पिसवाने पर प्रतिकिलो चार्ज 20 रुपए है। स्वयं द्वारा तैयार किया गया मसाला ओरिजनल भी रहेगा।

कांग्रेसियों को एकजुट रहने की दी नसीहत

## तारिणी के घर पहुंची अलका लांबा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद



महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अल्का लांबा ने पूर्व मंडी अध्यक्ष नीलम चन्द्राकर व जिला पंचायत कृषि सभापति तारिणी चंद्राकर के निवास में कांग्रेसी नेताओं व कार्यकर्ताओं से भेंट की। उनके साथ महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष फूलोदेवी नेताम, पूर्व विधायक श्रीमती अनीता शर्मा सहित महिला कांग्रेस की प्रदेश पदाधिकारी भी उपस्थित थीं।

सभी के भव्य स्वागत पश्चात अल्का लांबा ने कहा कि हमें एकजुटता के साथ पार्टी को मजबूत बनाये रखना है। किसान, मजदूर, गरीबों, बेरोजगारों व जनता के हितों के संघर्ष जारी रखना है। आगामी लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को अच्छा प्रतिसाद मिलेगा। छत्तीसगढ़ में राहुल गांधी की यात्रा को सफल बनाना है। इस अवसर पर ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष शर्मा, पूर्व मंडी अध्यक्ष नीलम चन्द्राकर, जिला पंचायत सभापति तारिणी चन्द्राकर, विधि प्रकोष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष रमेश पाण्डेय, वरिष्ठ नेता प्रहलाद चन्द्राकर, गीता राम सिन्हा, विजयगिरी गोस्वामी, रेखा साहू, खिलेश्वरी साहू, जिला महामंत्री प्रमोद साहू, नगर पंचायत उपाध्यक्ष मंजू साहू, मनोज अग्रवाल, महिम शुक्ला, रुद्रनाथ साहू, चन्द्रप्रकाश देवांगन, पंकज जोशी, तुकेश साहू सहित अनेक कांग्रेसी जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### भोथली में कल से मानसगान महोत्सव

**कुरुद।** ग्राम भोथली (कुरूद) में ग्रामवासियों के सहयोग से 2 से 4 फरवरी तक मानसगान महोत्सव का आयोजन किया है जिसमें छत्तीसगढ़ की ख्यातिप्राप्त मानस मंडलियां अपनी प्रस्तुति देंगी। कार्यक्रम की तैयारी में समिति के सदस्य व ग्रामीण जुटे हुए हैं।

## सशिमं उमरगांव में मना वार्षिक सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सांकरा



सरस्वती शिशु मंदिर घठुला (उमरगांव) में वार्षिक सम्मेलन हुआ। छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी सुंदर प्रस्तुति से सबका मन मोह लिया। इस आयोजन की मुख्य अतिथि दिनेश्वरी नेताम थीं। मौके पर संस्था प्रमुख भानुराम सोम, अन्नपूर्णा साहू, रजैन शोरी, प्रभा मरकाम, गीता साहू, गणेश्वरी मरकाम, प्रीतांजलि यादव, समर मरई, भानु राम ध्रुव, परमानंद साहू, दुलेश साहू, हरेन्द्र पटेल, लोकेश साहू, नीलकंठ साहू, धनेंद्र ठाकुर उपस्थित थे।

## खेल एवं राजस्व मंत्री का आत्मीय स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

खेल एवं राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा का संबलपुर के पास प्रदेश पिछड़ा मोर्चा हेमराज सोन के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं धमतरी कल्याण कुश्ती संघ के सदस्यों ने आत्मीय स्वागत किया। मौके पर भाजपा शहर मंडल उपाध्यक्ष कपिल चौहान, तरेंद्र चंद्राकर, आनंद स्वरूप, कुश्ती संघ अध्यक्ष गंगाराम, उपाध्यक्ष दीपक देवांगन, कोषाध्यक्ष नंदू लोधी, गजानन साहू समेत अन्य मौजूद थे।

## सरगी हाईस्कूल में प्रतिभाओं का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड



शाउमावि सरगी में गणतंत्र दिवस पर्व मनाया गया। ध्वजारोहण हरिविनायक सिन्हा सभापति वन समिति जपं मगरलोड ने किया। प्रभातफेरी पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं प्रतिभा सम्मान हुआ। छात्र-छात्राओं के सांस्कृतिक कार्यकम ने दर्शकों का मनमोह लिया। प्रतिभा सम्मान अंतर्गत हायर सेकण्डरी सर्टिफिकेट परीक्षा 2023 में प्रथम स्थान प्राप्त कामिनी निषाद, द्वितीय डिनेश्वरी, तृतीय जागेश्वरी सिन्हा को ईतवारीराम ध्रुव सेवानिवृत्त व्याख्याता एवं हाईस्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा 2023 में प्रथम फनीन्द्र, द्वितीय पोषणलाल, तृतीय गगन साहू को हरिविनायक सिन्हा ने सम्मानित किया गया। विद्यालय की ओर से स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। विद्यालय को राज्य स्तर पर गौरान्वित करने वाले विद्यार्थी विनीता ध्रुव रग्बी, टीकमचंद व्हालीबॉल एवं रग्बी में राज्य स्तर पर चयनित विद्याथियों का सम्मान किया गया। शाला प्रबंध एवं समिति के पूर्व सदस्यों का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पीआर साहू वन परिक्षेत्र अधिकारी मोहंदी थे। अध्यक्षता कुलेश्वर कंवर प्राचार्य ने की। विशिष्ट अतिथि हरिविनायक सिन्हा, देवनारायण साहू, फूलजी सिन्हा, लीलेश्वरी साहू सरपंच, नरेश लहरे, गैंदलाल सिन्हा, ईतवारीराम ध्रुव, डोमार यादव, मंथीर पटेल, देहुति दीवान, भोजबाई कंवर थे। सांस्कृतिक कार्यकम में यामिनी, पूजा, मोनिका, योगिता, डुमेश्वरी, जान्हवी, छाया, डिगेश्वरी, गगन, अमन, संयम द्वारा मनमोहक कार्यकम प्रस्तुत किया गया। इस दौरान व्याख्याता जीएस कश्यप, जीके गंगासागर, एमके अडिल, जीके देवांगन, लता ध्रुव, निर्मला आजाद, रोशन निषाद, दिगपाल कौरव, सुमन पटेल, यशोदा साहू, छबिनी दीवान उपस्थित थे।

## जोरातराई (अ) में मारुति महायज्ञ 25 फरवरी से



हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी

ग्राम जोरातराई (अ) में इस वर्ष भी नवज्योति नाट्यकला मंडली एवं ग्रामवासियों के सहयोग से पांच कुंडीय मारुति महायज्ञ का आयोजन 25 से 29 फरवरी तक किया जा रहा है, जिसका भूमिपूजन कार्य किया गया।यज्ञकर्ता महाराज सिद्धेश्वरनंद लफंदी पीठ पंचकोशी धाम आश्रम होंगे। 25 को भव्य कलश यात्रा, 26 फरवरी से प्रवचन नरेंद्रदास खुसरूपाली छुरा एवं चंद्रहास साहू भेंड्री राजिम द्वारा हरिकीर्तन का आयोजन दोपहर 3 से 6 बजे तक होगा। तैयारी में टेकराम साहू, मानकलाल साहू, सुदामाराम साहू, खिलावन पाल, छविराम साहू, बलदेव साहू, खुनीतराम साहू, रामचंद्र निर्मलकर, लक्ष्मण निषाद, हरीशचंद्र निर्मलकर, मुकेश साहू, दिनेश साहू, ग्राम पटेल महेंद्र साहू जुटे हुए हैं।

## मड़ई का बहाना कर भाग गए हमाल, किसानों ने तौला धान



हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी

ग्राम अंवरी सोसाइटी में 29 जनवरी को स्वयं किसानों ने अपने धान का कांटा किया। मजदूर मड़ई के बहाने समिति प्रबंधक को बिना बताए वहां से भाग गए। धान की तौलाई नहीं होने पर किसानों ने हंगामा शुरू कर दिया। समिति प्रबंधक हनुमान सिन्हा एवं ठेकेदार द्वारा वैकल्पिक व्यवस्था करने पर किसानों ने ही धान तौला। दूसरे दिन 30 जनवरी को भी हमालों द्वारा वही व्यवहार किया गया। इससे दूसरे किसानों ने अपने धान की तौलाई की। किसानों को कांटा करने में भारी मशक्कत करनी पड़ रही है।

## प्रकाश बैस बने भाजपा धमतरी जिलाध्यक्ष

**धमतरी।** भारतीय जनता पार्टी शीर्ष नेतृत्व ने भाजपा जिला महामंत्री प्रकाश बैस नगरी को भाजपा जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। प्रदेश भाजपा महामंत्री केदार कश्यप ने नियुक्ति पत्र जारी किया है, जिसमें शशि पवार की जगह प्रकाश बैस दायित्व संभालेंगे। विदित हो कि जिला अध्यक्ष की कमान पहली बार नगरी क्षेत्र को मिली है। प्रकाश बैस के जिलाध्यक्ष के रूप में नियुक्ति होने के बाद प्रथम बार भाजपा जिला कार्यालय पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने जोशखरोश के साथ उनका स्वागत किया।



## स्कूल परिसर में हुई साफ-सफाई, पौधे भी रोपे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिर्री



छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक सिर्री द्वारा एल नन्दन पब्लिक स्कूल सिर्री में स्वच्छता अभियान के तहत स्कूल परिसर में साफ-सफाई और पौधारोपण कार्य किया गया। बच्चों के लिए पेंटिंग, निबंध प्रतियोगिता और विभिन्न खेलकूद का आयोजन किया गया। विजेता बच्चों को बैंक द्वारा आकर्षक पुरस्कार दिया गया। स्कूल परिसर के साथ अपने आसपास के क्षेत्रों में सफाई रखने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर बैंक शाखा प्रबंधक सूर्यकांत त्रिपाठी सहित बैंक स्टाफ आनंद राव, कमलेश साहू, स्कूल डायरेक्टर लक्ष्मीकांत, कुंदन, पारस निर्मलकर, प्रधानपाठक मुकेश साहू, शिक्षक तिलक, सागर रुसेंद्र, जानकी साहू, दीक्षा समेत अन्य मौजूद थे।

### सोनेवारा में गुहा निषाद जयंती मनाई

**मगरलोड।** ग्राम सोनेवारा में ग्रामवासियों व निषाद परिवार द्वारा भक्त राज गुहा निषाद जयंती मनाई गई। समाजजनों ने शोभायात्रा निकाली। वैदिक मंत्रोच्चार के बाद सुन्दर काण्ड का पाठ हुआ। श्रीराम स्तुति हुई। हनुमान चालीसा पढ़ी गई। इस दौरान मानस शक्ति केन्द्र पहंदा से अमृत संदेश मानस मंडली, जिज्ञासु बालिका मानस लोक कलामंच, श्री जानकी बालिका मानस मंडली तथा राघवेन्द्र सरकार मानस परिषद मगरलोड से गायत्री महिला मानस मंडली घुरकुड़िया के साथ माधुर्य मानस प्रचार समिति पोटिया डांस, अनुराग मानस मंडली कठौली, रश्मि रागिनी बालिका मानस मंडली राजनांदगांव की प्रस्तुति हुई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अंबिका मरकाम विधायक सिहावा थीं।

### निधन : देववती सिन्हा

**धमतरी।** बठेना वार्ड निवासी देववती सिन्हा पत्नी स्व. भुनेश्वर सिन्हा उम्र 88 वर्ष का बुधवार की शाम 7 बजे निधन हो गया। वे शिवम हार्डवेयर के संचालक डिगेश सिन्हा, शिवम प्लानेट्स के संचालक हरीश सिन्हा, यमुना देवी सिन्हा, लता सिन्हा, नेमीन सिन्हा, ललिता सिन्हा की मां और कुरूद निवासी भाजपा प्रदेश मंत्री निरंजन सिन्हा की बुआ थीं। उनकी अंतिम यात्रा निवास स्थान से आज सुबह 11 बजे शांतिघाट के लिए निकलेगी।



### परसट्टी में मना छेरछेरा पर्व

**सिर्री।** ग्राम परसट्टी में छेरछेरा का पर्व धूमधाम से मनाया गया। बच्चे, युवक सभी अन्नदान मांगने काफी उत्साहित दिखे। छत्रपाल साहू, सगुण राम, तामेश्वर, हर्षु, ईश्वर साहू, एस कुमार वेणु तारक, विमल तारक सहित अन्य लोग अन्न दान मांगते नजर आए।













